22 दिसंबर 2025

सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल टूर्नामेंट के दूसरे दिन एकतरफा मुकाबला, बंगाल की टीम 5-0 से पस्त

2



## एक नजर

### अरावली का 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा संरक्षित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रविवार को उन आरोपों को अनुचित एवं निराधार बताते हुए खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि बड़े पैमाने पर खनन की अनुमति देने के लिए अरावली पहाड़ियों की परिभाषा में बदलाव किया गया है। इसने क्षेत्र में नए खनन पट्टों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का भी हवाला दिया। केंद्र ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमोदित एक रूपरेखा इस पर्वत श्रृंखला की बेहतर एवं मजबूत सुरक्षा का प्रविधान करता है और एक व्यापक प्रबंधन योजना को अंतिम रूप दिए जाने तक नए खनन पट्टों पर रोक लगाता है। '100 मीटर" के मानदंड पर विवाद के बीच जारी एक स्पष्टीकरण में सरकार ने कहा कि अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखला की परिभाषा को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर सभी राज्यों में मानकीकृत किया गया है ताकि अस्पष्टता को दूर किया जा सके और दुरुपयोग को रोका जा सके।

### भाजपा विधायक ने ऑटो रिक्शा ड्राइवर को मारा थप्पड़

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने विधायक तुकाराम काटे, उनकी पत्नी मंगला काटे और 12 अन्य को 2009 में बीएमसी मुख्यालय में हुई झड़प और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में बरी कर दिया।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सत्यनारायण आर नवंदर ने 18 दिसंबर को सुनाए गए फैसले में सभी 14 आरोपियों को सबूतों के अभाव में सभी आरोपों से मुक्त किया। मामला नवंबर 2009 का है, जब पंजरपोल और चेंबूर क्षेत्रों में पानी की गंभीर किल्लत थी। उस समय मंगला काटे और उनके पति तुकाराम काटे के नेतृत्व में एक समूह बीएमसी हाइड्रोलिक इंजीनियर दिनेश गोंदालिया के कार्यालय में गया, ताकि पानी की समस्या का समाधान किया जा सके।अभियोजन के अनुसार, जब उन्हें असंतोषजनक जवाब मिला, तो विवाद ने हिंसक रूप ले गया। आरोप था कि प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, कांच के शीशे तोड़े, लकड़ी की दीवारें गिराईं और कंप्यूटर सीपीयू व कुर्सियां क्षतिग्रस्त की।

# विकसित भारत-जी राम जी विधेयक बना कानून, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

♦ अब 125 दिन के काम की गारंटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। बता दें, इस बिल पर देत रात तक संसद में चर्चा चली थी। इस मामले में विपक्ष का कहना था कि सरकार जानबूझकर मनरेगा का नाम बदल रही है, मनरेगा में महात्मा गांधी का भी नाम आता था, इसीलिए भाजपा इस नाम को हटाने के लिए ये बिल लाई। वहीं, सरकार का कहना था कि पहले की योजना में लोगों को 100 दिन का काम दिया जाता था। लेकिन अब इस कानून के तहत अब कम से कम 125 दिन काम देना आनिवार्य है। इस बहस के दौरान ही कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आएगी, तो वो इसका फिर नाम बदलेंगे। इन सब हंगामों के बीच इस बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था। हालांकि संसद में विपक्ष ने इस बिल का पुरजोर विरोध किया था। इतना ही नहीं, इसके बाद विपक्ष ने संविधान सदन के बाहर पूरी रात धरना भी दिया था। इस कानून के मुताबिक अब पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन तक मजदूरी आधारित काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होगी।

### सशक्तिकरण और समावेशी विकास पर जोर



सरकार का कहना है कि नए कानून का मकसद केवल रोजगार देना नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना भी है। वीबी-जी राम जी के तहत समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार का दावा है कि यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी। सरकार चाहती है कि ग्रामीण इलाकों में चल रही योजनाएं एक-दूसरे से जुड़कर ज्यादा प्रभावी परिणाम दें। सड़कों, जल संरक्षण, सिंचाई, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कामों को रोजगार से जोड़कर गांवों की तस्वीर बदलने की योजना है। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेंगी। वीबी-जी राम जी कानून में संतृप्ति आधारित डिलीवरी को खास महत्व दिया गया है। इसका मतलब यह है कि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। सरकार का कहना है कि अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और आजीविका का लाभ पहुंचाना इस कानून का मूल उद्देश्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में

# लेफ्टिनेंट कर्नल घूस लेते गिरफ्तार पत्नी पर भी हुआ एफआईआर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा को तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामले में लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा के साथ उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।कर्नल काजल बाली राजस्थान के श्रीगंगानगर में 16 इन्फैंट्री डिविजन ऑर्डिनेंस यूनिट में कमांडिंग ऑफिसर पद पर तैनात हैं। सीबीआई ने शर्मा के दिल्ली स्थित आवास से 2.23 करोड़ रुपये नकदी जब्त की। दस लाख रुपये काजल के श्रीगंगानगर स्थित आवास से भी जब्त किए गए हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा पर रक्षा उत्पादों के निर्माण और निर्यात से जुड़ी निजी कंपनियों के साथ भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। जांच एजेंसी को पता चला था कि बंगलूरू की कंपनी के प्रतिनिधि राजीव यादव व रंजीत सिंह लेफ्टिनेंट कर्नल के संपर्क में थे। 18 दिसंबर को कंपनी की ओर से विनोद कुमार ने जब शर्मा को 3 लाख रुपये की रिश्वत दी, तभी सीबीआई ने उन्हें दबोच लिया। विनोद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। कोर्ट ने दोनों को 23 दिसंबर तक सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। एजेंसी इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और कंपनियों की तलाश कर रही है।

## साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर एक पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई

# अब महंगी हो जाएगी ट्रेन की टिकट, रेलवे ने बढ़ाया किराया



- 600 करोड रुपये की आमदनी होगी जिससे रेलवे के विस्तार और सुरक्षा मानकों पर होने वाले खर्च में थोड़ी मदद मिलेगी
- सामान्य श्रेणी में कोई दिल्ली से पटना जाएगा तो उसे 10 रुपये ज्यादा चुकाने होंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लंबी दूरी की रेल यात्रा के किराए में आंशिक बढ़ोत्तरी की गई है। रेलवे ने 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर भाड़ा बढ़ाने का फैसला किया है। लंबी दूरी की रेल यात्रा के किराए में आंशिक बढ़ोत्तरी की गई है। रेलवे ने 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर भाड़ा बढ़ाने का फैसला किया है। बदला हुआ किराया 26 दिसंबर से लागू होगा। रेलवे का कहना है कि इससे 600 करोड रुपये की आमदनी होगी। साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर एक पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है। मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में दो पैसे प्रति किलोमीटर अतिरिक्त चुकाने होंगे। बदला हुआ किराया 26 दिसंबर से लागू होगा। रेलवे का कहना है कि इससे 600 करोड रुपये की आमदनी होगी जिससे रेलवे के विस्तार और सुरक्षा मानकों पर होने वाले खर्च में थोड़ी मदद मिलेगी। नए प्रविधानों के अनुसार साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर एक पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है, जबकि मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी और एसी श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर अतिरिक्त चुकाने होंगे। रविवार को दी गई जानकारी में कहा गया कि सामान्य के लिए 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर हर किलोमीटर एक पैसे और मेल एक्सप्रेस एसी या नान एसी में प्रतिकिलोमीटर 2 पैसे लगेंगे। यानी सामान्य श्रेणी में कोई दिल्ली से पटना जाएगा तो उसे 10 रुपये ज्यादा चुकाने होंगे। जबकि आरक्षित श्रेणी में 20 रुपये।

### आमबजट से पहले बढ़ा किराया

रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया है कि उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकट के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे के मुताबिक यह फैसला छोटे और दैनिक यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। फरवरी में आने वाले आमबजट से पहले हुई इस बढ़ोतरी का रेलवे ने स्पष्टीकरण भी दिया है। रेलवे का तर्क है कि पिछले एक दशक में नेटवर्क विस्तार, नई लाइनों, ट्रेनों और सुरक्षा उपायों में बड़े स्तर पर निवेश किया गया है। साथ ही कर्मचारियों की संख्या बढ़ने और पेंशन दायित्व बढ़ने से लागत में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मानव संसाधन पर खर्च बढ़कर 1,15,000 करोड़ रुपये हो गया है। पेंशन खर्च बढ़कर 60 हजार करोड़ रुपये हो गया है। वर्ष 2024-25 में कुल परिचालन लागत बढ़कर दो लाख 63 हजार करोड़ रुपये हो गई है।

इन्हीं कारणों से अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिए कार्गो ढुलाई बढ़ाने के साथ यात्री किराए में आंशिक समायोजन किया गया है। इन सुधारों के चलते भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा माल ढुलाई करने वाला रेलवे नेटवर्क बन चुका है और त्योहारों के दौरान 12 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन संभव हो पाया है। साफ है कि रेलवे लागत और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन लंबी दूरी के यात्रियों के लिए यह फैसला जेब पर अतिरिक्त भार लेकर ही आएगा।

# औद्योगिक प्रगति का एक नया अध्याय शुरू : प्रधानमंत्री मोदी

- असम में फर्टिलाइजर प्लांट का हुआ भूमि पूजन
- नॉर्थ-ईस्ट के विकास को मिलेगी रफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के परिसर में नए ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना की अनुमानित लागत 10,600 करोड़ रुपये से अधिक है और यह असम और पड़ोसी राज्यों की उर्वरक आवश्यकताओं को पूरा करेगी,



आयात निर्भरता को कम करेगी, और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ष्आज असम और पूरे उत्तर-पूर्व के लिए एक बड़ा दिन है। नामरूप और डिब्रूगढ़ का जो सपना लंबे समय से इन्हें पूरा करने के लिए इन्होंने बहुत मेहनत की है, आज वो पूरा हो रहा है। इस पूरे क्षेत्र में औद्योगिक प्रगति का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। डिब्रूगढ़ आने से पहले गुवाहाटी में एयरपोर्ट के एक नए टर्मिनल का उद्घाटन किया गया। हर कोई कह रहा है कि असम ने विकास की एक नई गति पकड़ ली है। आप जो कुछ भी अनुभव कर रहे हैं, वह तो अभी शुरूआत है। इस परियोजना से असम और पड़ोसी राज्यों की उर्वरक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी, आयात निर्भरता कम होगी, और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना 12.5 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता के साथ अगले पांच वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है।

## भारत में बड़े पैमाने पर एच-1बी वीजा अपॉइंटमेंट अचानक हुए रद्द

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में बड़े पैमाने पर पहले से शेड्यूल एच-1बी वीजा अपॉइंटमेंट्स रद्द की गई हैं। इसके चलते अमेरिका जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जो अपॉइंटमेंट रद्द की गई हैं, वे पहले दिसंबर में तय थीं, लेकिन अब उन्हें कई महीनों बाद के लिए शेड्यूल किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी सरकार के सख्त नियमों और सोशल मीडिया की निगरानी के लिए ये अपॉइंटमेंट्स रद्द किए गए हैं। जिन आवेदकों की वीजा अपॉइंटमेंट्स 15 दिसंबर के बाद तय थी, वे नए निर्देश से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं और इनमें से कुछ इंटरव्यू अब अक्तूबर 2026 के लिए शेड्यूल कर दिए गए हैं। भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने वीजा आवेदकों से अपील की है कि वे अपने पहले से तय इंटरव्यू तारीख के लिए काउंसलर ऑफिस न आएं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी दूतावास ने लिखा, 'अगर आपको एक ईमेल मिला है, जिसमें बताया गया है कि आपकी वीजा अपॉइंटमेंट री-शेड्यूल कर दी गई है और आपको नई तारीख दी गई है तो अगर आप फिर भी पुराने शेड्यूल पर इंटरव्यू के लिए आते हैं तो आपको दूतावास में एंट्री नहीं मिलेगी।







# चौसा थर्मल पावर प्लांट विवाद, स्थानीय निवासियों में गहराई नाराजगी, दी आंदोलन की चेतवावनी



**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा थर्मल पावर प्लांट को लेकर क्षेत्र में असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा के बैनर तले रविवार को बनारपुर पंचायत भवन में आयोजित बैठक में किसानों, मजदूरों और स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि अगर एक माह के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कंपनी के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा और संयंत्र का कार्य शांतिपूर्ण तरीके से अनिश्चितकाल के लिए बंद कराया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता शिवमुरत राजभर ने की, जबकि मंच संचालन डॉ. विजय नारायण राय ने किया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, बिहार राज्य दुग्ध उत्पादक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार और जिला परिषद सदस्य पूजा कुमारी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं।

**बिना एफजीडी सिस्टम चालू संयंत्र, स्वास्थ्य से खिलवाड़ का आरोप**

किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि चौसा थर्मल पावर प्लांट को बिना एफजीडी (फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन) सिस्टम लगाए ही चालू कर दिया गया है। यह सिस्टम सल्फर डाइऑक्साइड जैसी जहरीली गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए अनिवार्य है, जिसकी लागत लगभग 400 करोड़ रुपये बताई जा रही है। नेताओं ने कहा कि इस सिस्टम के अभाव में आसपास के गांवों में प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

**कोयला परिवहन और भंडारण से फैल रहा जहर**

बैठक में मल्टीकार्गो टर्मिनल से कोयले के परिवहन और भंडारण पर भी कड़ा सवाल उठाया गया। आरोप लगाया गया कि एनजीटी के नियमों का खुलेआम उल्लंघन करते हुए घनी आबादी के बीच बिना अनुमति मालगाड़ियों से कोयला उतारा जा रहा है और डंफरों में लोड किया जा रहा है। इससे पूरे इलाके में धूल और प्रदूषण का जाल फैल गया है। किसानों का कहना है कि इसका सीधा असर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर पड़ रहा है।

**बीमारियों का बढ़ता खतरा, रोजगार में भेदभाव**

किसान-मजदूर नेताओं ने चेतावनी दी कि प्रदूषण के कारण क्षेत्र में दमा, टीबी, आंखों और त्वचा से जुड़ी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही रोजगार को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए। कहा गया कि परियोजना से प्रभावित गांवों के स्थानीय लोगों को दरकिनार कर बाहरी लोगों को कथित रूप से घूस लेकर नौकरी दी जा रही है। यह न केवल अन्याय है बल्कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 और संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है।

**नव नियुक्त डीएम से मिलेगी शिकायत, आंदोलन की तैयारी**

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन सभी मुद्दों को नव नियुक्त जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा। यदि प्रशासन और कंपनी ने एक माह के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की तो प्रभावित किसान, मजदूर और ग्रामीण बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## धरौली में बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज, सिवान ने पहले मुकाबले में मारी बाजी

# बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल टूर्नामेंट के दूसरे दिन एकतरफा मुकाबला, बंगाल की टीम 5-0 से पस्त

- **गोलों की बारिश में गाजीपुर का जलवा, धरौली का मैदान बना जश्न का गवाह**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

धरौली गांव स्थित जोगीबीर बाबा खेल मैदान रविवार को फुटबॉल के रोमांच और जोश से सराबोर नजर आया। बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन दर्शकों को ऐसा मुकाबला देखने को मिला, जिसने पूरे माहौल को उत्सव में बदल दिया। उत्तर प्रदेश की गाजीपुर इलेवन ने कोलकाता के कंचनपुर बांकुरा (पश्चिम बंगाल) की टीम को 5-0 से करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।



**मैदान पर उतरते ही बदला मैच का रुख**

मैच की शुरूआत अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर गेंद को किक मारकर की गई। इसके बाद जैसे ही खेल शुरू हुआ, गाजीपुर इलेवन ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए बंगाल की टीम पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। पहले हाफ में ही गाजीपुर के खिलाड़ियों ने तेज पासिंग, बेहतरीन तालमेल और सटीक फिनिशिंग का परिचय देते हुए लगातार गोल दागे। विपक्षी टीम को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

**हर गोल पर गूंजती रहीं तालियां**

दूसरे हाफ में भी गाजीपुर इलेवन का दबदबा बरकरार रहा। एक के बाद एक गोल होते गए और दर्शक दीर्घा तालियों व नारों से गूंजती रही। स्थानीय खेल प्रेमियों के साथ-साथ दूर-दराज से आए दर्शकों ने भी खिलाड़ियों के जज्बे और खेल भावना की जमकर सराहना की। यह मुकाबला पूरी तरह एकतरफा रहा, लेकिन रोमांच में कोई कमी नहीं दिखी।

### प्रतिभा को पहचानने की जरूरत : अतिथि

मैच के दौरान उद्घाटनकर्ता सदन सिंह और कांग्रेस नेता अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाज में छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें।

### व्यवस्था और उत्साह, दोनों में अव्वल आयोजन

टूर्नामेंट के व्यवस्थापक रंजीत सिंह उर्फ फुड्डू सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चाय, नाश्ता और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि सोमवार को टूर्नामेंट के तीसरे दिन सिरहा (नेपाल) और दुगार्पुर (पश्चिम बंगाल) की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा।

### 26 दिसंबर को होगा महामुकाबला

मुख्य आयोजनकर्ता एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू मनोज सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबू राजमोहन सिंह की जयंती के अवसर पर इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर को टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जिसमें विजेता टीम को 5 लाख रुपये नकद एवं आकर्षक कप, जबकि उपविजेता टीम को 2 लाख 51 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

## शादी से लौटते समय मामूली विवाद बना गोलीकांड 20 दिन बाद मुख्य शूटर दबोचा गया

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर में शादी समारोह से लौटते समय हुए मामूली विवाद ने ऐसा हिंसक मोड़ ले लिया कि एक युवक को गोली का शिकार होना पड़ा। करीब बीस दिन पहले हुई इस सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित को रोहतास जिले से गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी के बाद इलाके में पुलिस की सक्रियता और अपराधियों पर शिकंजे की चर्चा तेज हो गई है।

पुलिस के अनुसार, शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि रोहतास जिले के बूढ़ी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर मुख्य अभियुक्त धनजी सिंह पिता सूर्यदेव सिंह को दबोचा गया। आरोप है कि धनजी सिंह ने आपसी कहासुनी के दौरान गांव के ही युवक शिवम यादव (25 वर्ष), पिता योगेन्द्र यादव, पर गोली चला दी थी। गोली शिवम के कंधे के पास लगी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल आरा ले गए, जहां उसका इलाज कराया गया।

जांच में सामने आया है कि घायल और आरोपित एक-दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों किसी शादी समारोह से लौट रहे थे। रास्ते में किसी छोटी-सी बात को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया और आरोपित ने हथियार निकालकर फायरिंग कर दी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। इस मामले में नया भोजपुर थाना कांड संख्या 120/25 के तहत तीन नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पहले भी लूट और शराब तस्करी जैसे मामलों में संलिप्त रह चुका है और उसके खिलाफ दो पुराने केस दर्ज हैं। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी तरह सख्त और निरंतर जारी रहेगी।

## बारिश में हुए फसल नुकसान के मुआवजे की होने लगी मांग



**केटी न्यूज/डुमरांव**

पिछ्ल महीने हुई भारी बारिश ने गेहूं फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। किसानों का कहना है कि जिले में लगभग 80 प्रतिशत फसल को नुकसान पहुंचा है। इसको लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा मुआवजा की क्षतिपूर्ति की मांग होने लगी है। रविवार को मसर्हियां गांव में किसानों एक बैठक आहूत की, जिसमें जिलेभर के किसान आए हुए थे। सभी ने एक स्वर में कहा की जिस तरह से किसानों को नुकसान पहुंचा है, उसकी कमर ही टूट गई है। दूसरे का खेत लेकर खेती करने वाले किसान का परिवार टूटकर भूखमरी के कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार से इस भारी नुकसान (लगभग 80ः क्षति) की क्षतिपूर्ति के लिए ठोस कदम उठाए और मुआवजा की घोषणा कर उन्हें मुश्किलों से उबारे।

बैठक में उपस्थित किसानों और उनके नेताओं में जिले चर्चित किसानों में सुधीर कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, मनोज वर्मा, गोरख नाथ कुशवाहा, शिव दयाल सिंह, अश्विनी सिंह, परशुराम यादव, अवधेश सिंह, भूपेन्द्र सिंह, धन जी, विजय बहादुर सिंह, बिजेंद्र सिंह, राम लायक सिंह, तेज नारायण यादव, बैजू सिंह, राजनाथ सिंह, उपेन्द्र सिंह, मुकेश सिंह, सुभाष सिंह, किशोरी सिंह, रामचन्द्र यादव, किशुन सिंह, रामाश्रय सिंह, हरे राम कुशवाहा, लोक नाथ कुशवाहा, रवि नाथ सिंह, त्रिलोकी सिंह, मदन सिंह, यह बैठक ग्रामीणों की एकजुटता का प्रतीक है।

## डुमरांव बाजार की अधूरी सड़क का फिर शुरू हुआ निर्माण



- **एनएच-120 मरम्मत के नाम पर मुख्य बाजार सील, प्रशासन ने दिखाई सख्ती**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-120 एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। 5.2 किलोमीटर लंबी इस सड़क की बदहाली ने न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित किया है, बल्कि शहर की आर्थिक गतिविधियों पर भी ब्रेक लगा दिया है। मरम्मत कार्य को दोबारा शुरू कराने के लिए प्रशासन ने मुख्य बाजार क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे शहर की रफ्तार अचानक थम सी गई है। रविवार दोपहर नया थाना और गुरु ट्रेनिंग स्कूल के पास पत्थर लगाकर सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया गया। इसके बाद डुमरांव बाजार में किसी भी प्रकार के वाहन का प्रवेश निषिद्ध कर दिया गया। प्रशासन का दावा है कि यह कदम मजबूरी में उठाया गया है, ताकि वर्षों से जर्जर सड़क को स्थायी रूप से दुरुस्त किया जा सके। दरअसल, इस सड़क के जीर्णोद्धार के लिए पहले ही करीब 1.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी थी। सितंबर में काम भी शुरू हुआ, लेकिन यह प्रयास अधूरा साबित हुआ। संवेदक ने केवल शुरूआती हिस्से में काम किया और बाद में कार्य रोक दिया। नतीजा यह हुआ कि टूटी-फूटी सड़क, गड्ढे और उखड़ी सतह लोगों के लिए रोज का संकट बन गई। पैदल चलना तक मुश्किल हो गया और वाहन चालकों को हर दिन जोखिम उठाना पड़ा।

इस बार प्रशासन किसी भी ढिलाई के मूड में नहीं है। एसडीएम राकेश कुमार के अनुसार, मरम्मत कार्य को तय समय-सीमा में पूरा कराने के लिए सख्त निगरानी की जाएगी। भारी वाहनों को एनएच-922 के रास्ते डायवर्ट किया गया है, जबकि छोटे वाहनों के लिए शहर के अंदर वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। साफ शब्दों में कहा गया है कि बाजार क्षेत्र में वाहन घुसा तो कार्रवाई तय है। हालांकि, प्रशासनिक सख्ती के बीच आम लोग और व्यापारी असमंजस में हैं। बाजार बंद होने से कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है। छोटे दुकानदारों को डर है कि लंबे समय तक यह स्थिति रही तो उनकी रोजी-रोटी पर संकट आ सकता है। वहीं, स्थानीय नागरिकों को यह भी चिंता सता रही है कि कहीं यह प्रयास भी पिछली बार की तरह अधूरा न रह जाए।

डुमरांव की यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि शहर की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों की रीढ़ है। ऐसे में लोगों की मांग है कि इस बार काम केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा हो। अगर ऐसा हुआ, तो वर्षों से चली आ रही इस समस्या का अंत संभव है और डुमरांव फिर से अपनी पुरानी रफ्तार पकड़ सकेगा।


Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, छेठवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार


# डुमरांव कैम्ब्रिज स्कूल का परचम: रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट में जिले की टॉप-10 में 19 छात्र

- **गणितीय प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन, विद्यालय में खुशी की लहर**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कैम्ब्रिज स्कूल, डुमरांव ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (बीसीएसटी) तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट (गणित) में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बक्सर जिले की टॉप-10 रैंक में 19 विद्यार्थियों को स्थान दिलाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और छात्रों में उत्साह व गर्व का माहौल है।




**महान गणितज्ञ की स्मृति में आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा**

यह प्रतिभा खोज परीक्षा महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में आयोजित की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणितीय तर्कशक्ति, विश्लेषणात्मक सोच और जटिल समस्याओं को सुलझाने की क्षमता का विकास करना है। इस परीक्षा में राज्यभर के मेधावी छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं, ऐसे में कैम्ब्रिज स्कूल के विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय माना जा रहा है।

### *शीर्ष स्थानों पर कैम्ब्रिज स्कूल के होनहार*

*परीक्षा परिणामों में कैम्ब्रिज स्कूल के छात्रों ने शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाया। जिसमें प्रथम स्थान कक्षा 6 की पलक कुमारी, द्वितीय स्थान कक्षा 7 का आयुष वर्मा, तृतीय स्थान कक्षा 8 का अमन गुप्ता तथा कक्षा 9 का आर्यन गुप्ता। इसके अतिरिक्त अंकित कुमार, शिक्षा कुमारी, एम.डी.जेड. आतिफ, आयुष कुमार, आयुषी राज, कन्हैया गोस्वामी, उज्ज्वल ठाकुर, सुमित कुमार, सर्वेश सिन्हा, लव कुमार, शौर्य प्रकाश, दीपांशु कुमार, समृद्धि आनंद, शिवांश वर्मा और मनीष कुमार ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त किया।*

### *चेयरमैन ने दी बधाई, शिक्षकों की मेहनत को सराहा*

*विद्यालय के चेयरमैन टी.एन. चौबे ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा गणित विभाग के शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित अध्ययन वातावरण और निरंतर अभ्यास का प्रतिफल है। विद्यालय प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी छात्र जिले और राज्य स्तर पर ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देंगे। शीघ्र ही सफल विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा, ताकि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके।*


मधुबन मैरिज हॉल
आपके सपनों का विवाह स्थल
अब आपके शहर बक्सर में विवाह, रिसेप्शन, मैरेज एनिवर्सरी, जन्मदिन और सभी शुभ अवसरों के लिए एक भव्य और सुविधाजनक उपलब्ध है स्थल
विशेषताएंः
- विशाल और सुसज्जित हॉल
- आकर्षक स्टेज डेकोरेशन
- ठहरने की उत्तम व्यवस्था (एसी/नॉन-एसी कमरे)
- बड़ा पार्किंग एरिया
- 24x7 बिजली और पानी की सुविधा
- साफ-सुथरा और हाइजीनिक किचन एरिया
- बजट के अनुसार पैकेज उपलब्ध
- हर आयोजन को बनाएं यादगार, सिर्फ मधुबन मैरिज हॉल के साथ
अखिलेश्वर पाठक
प्रोपराइटर


सारीमपुर, बक्सर
बुकिंग के लिए संपर्क करें: +91 7061608901

## डीएम के निर्देश पर बस स्टैंड, स्टेशन और चौक-चौराहों पर बढ़ाई गई राहत व्यवस्था

# शीतलहर के प्रकोप से निपटने को जिला प्रशासन सक्रिय

# सार्वजनिक स्थलों पर अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्था



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में लगातार गिरते तापमान और शीतलहर के बढ़ते असर को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। आमजन, विशेषकर जरूरतमंद, असहाय और खुले में जीवन यापन करने वाले लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिलेभर में अलाव और अस्थायी आश्रय स्थलों की व्यापक व्यवस्था की गई है। यह कदम जिला पदाधिकारी, बक्सर के निदेर्शानुसार उठाया गया है। प्रशासन द्वारा जिले के प्रमुख भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मुख्य चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, अस्पताल परिसरों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इन स्थानों पर दिन के साथ-साथ रात के समय भी अलाव जलाए जा रहे हैं, ताकि राहगीरों, मजदूरों और बेसहारा लोगों को ठंड से बचाव मिल सके।

इसके साथ ही, रात्रि के समय ठंड से बचाव के लिए अस्थायी आश्रय स्थलों को सक्रिय किया गया है। इन आश्रय स्थलों में ठहरने, बैठने और ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। नगर निकायों और संबंधित विभागों को इन व्यवस्थाओं के नियमित संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अलाव और आश्रय स्थलों की व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरत के अनुसार व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के लिए अधिकारियों को सतत निरीक्षण करने को कहा गया है।

प्रशासन की ओर से आम नागरिकों से अपील की गई है कि अत्यधिक ठंड के दौरान अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखें तथा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही राहत सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शीतलहर के इस दौर में प्रशासन और जनता के सहयोग से ही जन-जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है।

## अंचल प्रशासन ने कराया अलाव की व्यवस्था

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र में बीते दो दिनों से लगातार बढ़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए अंचल प्रशासन की ओर से रविवार को आमजन की राहत के लिए चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई। ठंड और शीतलहर से लोगों को बचाने के उद्देश्य से नया बाजार समेत सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाया गया। इससे सुबह और देर शाम घर से बाहर निकलने वाले राहगीरों, मजदूरों एवं जरूरतमंद लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना किया। अंचल प्रशासन ने बताया कि ठंड को देखते हुए आगे भी जरूरत के अनुसार अलाव की व्यवस्था की जाएगी।



## चौसा नगर पंचायत में ठंड से राहत के लिए पांच स्थानों पर कराई गई अलाव की व्यवस्था

**केटी न्यूज/बक्सर**

बढ़ती ठंड और लगातार गिरते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पंचायत चौसा द्वारा आमजनों को राहत पहुंचाने के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। खासकर सुबह-शाम बढ़ती ठिठुरन और शीतलहर के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए नगर क्षेत्र के पांच प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है, ताकि राहगीरों, मजदूरों, दुकानदारों और जरूरतमंद लोगों को ठंड से कुछ राहत मिल सके।

नगर पंचायत की ओर से गड़ई दिवाल (पान दुकान) के पास, चौसा बाजार मंदिर के समीप, बारे मोड़ तिनमुहानी के पास, यादव मोड़ तिनमुहानी के पास तथा चौसा बाजार तिनमुहानी के पास अलाव की व्यवस्था की गई है। इन स्थानों का चयन भीड़-भाड़ और अधिक आवाजाही को ध्यान में रखकर किया गया है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। वही, अभी तक प्रखंड स्तर पर अभी तक किसी पंचायत में अलाव की व्यवस्था नही की गई है। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि ठंड के प्रकोप को देखते हुए अलाव की व्यवस्था को नियमित रूप से जारी



रखा जाएगा। इसके साथ ही सफाई और सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

## एक नजर

### बच्चों के विवाद में उलझे अभिभावक, ईंट-पत्थरबाजी में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के कंजिया गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। बच्चों के झगड़े में अभिभावकों के कूद पड़ने से दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और ईंट-पत्थरबाजी हुई, जिसमें दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों के अनुसार कंजिया गांव स्थित ठाकुर जी परिसर में प्रसाद बिक्री को लेकर बच्चों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते यह विवाद घूरा ठाकुर एवं उनके पडोसी रामलाल साह के परिवारों के बीच झगड़े में बदल गया। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर ईंट और पत्थर चलाने लगे। इस दौरान घूरा ठाकुर तथा रामलाल साह के पुत्र अनीश साह को गंभीर चोटें आईं। ईंट लगने से दोनों के सिर फट गए, जिससे काफी खून बहने लगा। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों के अनुसार घूरा ठाकुर की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया है। वहीं अनीश साह का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सिकरौल थाना पुलिस मामले की जानकारी लेने में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, हालांकि पुलिस नजर बनाए हुए है।

### रात के अंधेरे में नलकूपों पर धावा, एक में चोरी, दूसरे का ताला तोड़ने की कोशिश



**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र में चोरों का हौसला एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ाने वाला साबित हुआ है। अरियांव गांव के बधार में बीती रात अज्ञात चोरों ने निजी नलकूपों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। एक नलकूप से कीमती उपकरणों की चोरी कर ली गई, जबकि दूसरे नलकूप में चोरी के इरादे से ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। घटना के संबंध में पीड़ित किसान सुधीर कुमार सिंह ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर बताया कि 17 दिसंबर की रात उनके निजी बोरिंग का ताला तोड़कर चोर स्टार्टर, पाइप समेत अन्य जरूरी सामान चुरा ले गए। सुबह जब वह खेत की ओर पहुंचे तो नलकूप का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। जांच करने पर चोरी की पुष्टि हुई। इतना ही नहीं, बगल के एक अन्य किसान के नलकूप का ताला भी तोड़ा गया था, हालांकि वहां से चोर कोई सामान ले जाने में सफल नहीं हो सके। इससे यह स्पष्ट होता है कि चोरों की मंशा एक ही रात में कई नलकूपों को निशाना बनाने की थी। पीड़ित किसान के बयान के आधार पर कृष्णाब्रह्म थाना में दो अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में संदिग्धों की तलाश की जा रही है। लगातार हो रही नलकूप चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के किसान दहशत में हैं। किसानों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## ईशापुर-पलिया मार्ग पर जल-जमाव से सड़क की स्थिति नारकीय, आमजन बेहाल

**केटी न्यूज/चौसा**

प्रखंड के ईशापुर-पलिया मुख्य मार्ग पर लंबे समय से बने जल-जमाव ने सड़क की हालत को नारकीय बना दिया है। पलिया पंचायत के वार्ड नंबर 4 में यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है और कीचड़ व गड्ढों के कारण आवागमन लगभग ठप हो जाता है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि हालांकि, यह सड़क ग्रामीण सड़क है जहा, जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी सड़क पर ही जमा रहता है। इससे न केवल दोपहिया और चारपहिया वाहनों को नुकसान हो रहा है, बल्कि फिसलन के चलते दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर जन प्रतिनिधियों तक इस समस्या के समाधान की कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।

वार्ड नंबर 4 के निवासी अजीत राम, मोहन राम, कमलाराम, बिनोद यादव और बशिष्ठ यादव ने बताया कि बरसात के दिनों में हालात और बदतर हो जाते हैं। घरों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है, बच्चों का स्कूल जाना प्रभावित होता है और बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में भी दिक्कत आती है। बदबू और मच्छरों की बढ़ती संख्या से स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अविलंब जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए और सड़क की मरम्मत कर उसे दुरुस्त किया जाए, ताकि आमजन को इस नारकीय स्थिति से राहत मिल सके।


## जिले में शीतलहर का कहर, 9 डिग्री पर पहुंचा पारा, गरीबों की बढ़ी मुश्किलें

- **पूरे दिन नहीं निकली धूप, अलाव और कंबल के अभाव में असहाय ठिठुरने को मजबूर**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर जिले में शीतलहर ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। बीते दो दिनों में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं होने और पछुआ हवा की तीखी कनकनी ने ठंड की मार को और बढ़ा दिया है।

शीतलहर के प्रकोप से सबसे अधिक परेशानी गरीब, असहाय और बेघर लोगों को उठानी पड़ रही है। मजबूरी में गरीब परिवार और



सड़क किनारे रहने वाले लोग किसी तरह ठंड में रातें गुजार रहे हैं। ठंड का असर दिन-रात समान रूप से महसूस किया जा रहा है। रात के समय गर्म कपड़े पहनने के बावजूद सर्दी से राहत नहीं मिल पा रही है।

लगातार गिरते तापमान के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। सुबह के समय ठंड इतनी ज्यादा होती है कि लोग घरों से निकलने में हिचक रहे हैं। कामकाजी लोग देर से बाहर निकल रहे हैं, जबकि महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान नजर आ रहे हैं। बच्चे भी ठंड के कारण घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भी चहल-पहल कम हो गई है।

दिन में कुछ समय के लिए धूप जरूर निकली, लेकिन उसकी तपिश नाकाफी रही। शाम ढलते ही ठंड और बढ़ गई, जिसके चलते लोग जहां-तहां अलाव जलाकर खुद को गर्म करने की कोशिश करते दिखे। कई जगहों पर लोग लकड़ी, कचरा और पत्तियां जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आए। हालांकि, यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है।

मौसम की इस बेरुखी के बीच नगर परिषद और स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता भी लोगों में नाराजगी का कारण बन रही है। शीतलहर से बचाव के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने ठंड से बचाव को लेकर एहतियाती निर्देश जारी किए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर राहत कार्यों की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। अगर जल्द ही अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था नहीं की गई, तो शीतलहर का यह प्रकोप और गंभीर रूप ले सकता है।

## नर सेवा ही नारायण सेवा: भोजन बैंक बक्सर ने 37वें सप्ताह जरूरतमंदों को कराया प्रसाद रूपी भोजन

- **भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान की पहल, समाजसेवियों व दानदाताओं के सहयोग से सफल आयोजन**

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के तत्वावधान में संचालित भोजन बैंक बक्सर द्वारा अपने 37वें साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत गरीबों और जरूरतमंदों को निःशुल्क प्रसाद रूपी भोजन कराया गया। रविवार को आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवियों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम का संयुक्त संचालन शिक्षक बालाजी, अधिवक्ता चंद्रमोहन चौबे एवं दीपक कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उपस्थित आरआर ओग्रीमेंट से राहुल वर्मा, महाभारत क्लासेज के शिक्षक आदित्य विद्यार्थी एवं संतोष राय ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान द्वारा निरंतर चलाया जा रहा यह सेवा कार्य काबिले-तारीफ है। उन्होंने आमजन से अपील की कि ऐसे पुनीत कार्यों में तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए, क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा मानी जाती है।

भोजन बैंक के इस साप्ताहिक आयोजन को सफल बनाने में सुरज वर्मा, राहुल वर्मा, रमेश वर्मा, रौशन वर्मा, शिवानंद उपाध्याय, अजय गुप्ता, रामेश्वर प्रसाद सिंह एवं शुभम कुमार गुप्ता ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। संस्थान की पूरी टीम ने सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अक्षत, आर्या, मानवी, अजय गुप्ता, अजित वर्मा (चुरामनपुर), हाफी इमरान शामसी,



संजय सिंह, संतोष राय, रवि जी, गुड्डू जी, प्रमोद केशरी, गायक विश्वास वर्मा, सोनू वर्मा, रौशन पाण्डेय, चंदू सिंह, प्रीतम कुमार सहित कई मित्रगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर अधिवक्ता अकरम, ललन राम एवं चंदन उपाध्याय ने भोजन बैंक को सतत रूप से संचालित करने में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व की भांति गौ-ग्रास के माध्यम से गौ माता की सेवा भी की गई।

संस्थान के सचिव राजीव कुमार एवं भोजन बैंक मार्गदर्शन टीम के भुआली वर्मा व अधिवक्ता राहुल वर्मा ने बताया कि आगामी रविवार 28 दिसंबर 2025 को सुबह 9 बजे बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में पुनः भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से इस सेवा अभियान में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

## लाखनडिहरा में बालविवाह के खिलाफ जगी अलख ग्रामीणों ने ली बालविवाह न करने की शपथ

- **100 दिवसीय अभियान के तहत विधिक सेवा प्राधिकार की पहल, बच्चों और अभिभावकों को बताया गया कानून और अधिकार**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बालविवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से ह्लबालविवाह मुक्त भारतह्व 100 दिवसीय अभियान के तहत डुमरांव प्रखंड के लाखनडिहरा ग्राम में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों को बालविवाह के दुष्परिणामों के साथ-साथ इससे जुड़े कानून और अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष काजल झाब एवं अवर न्यायाधीश सह सचिव नेहा दयाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं पीएलवी अनिशा भारती ने किया।

पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सरल और प्रभावी शब्दों में बालविवाह को समाज के लिए ह्लदीमकह्व बताते हुए कहा कि यह एक स्वस्थ समाज को भीतर ही भीतर कमजोर कर देता है। उन्होंने कहा कि बालविवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 इसी कुरीति को समाप्त करने के लिए बनाया गया है। कम उम्र में विवाह न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को रोकता है, बल्कि उनके सपनों और भविष्य को भी अंधकार में धकेल देता है।

उन्होंने यह भी बताया कि बालविवाह से शिक्षा बाधित होती है, गरीबी और असमानता बढ़ती है तथा घरेलू हिंसा जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं। ऐसे में एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह बालविवाह रोकने में सक्रिय भूमिका निभाए।

शिविर में ह्लबालविवाह मुक्त भारत पोर्टलह्व की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह एक ऑनलाइन मंच है, जहां कोई भी नागरिक बालविवाह की शिकायत दर्ज कर सकता है और अपने क्षेत्र के बालविवाह निषेध अधिकारियों की जानकारी प्राप्त कर सकता है। साथ ही 181, 1098 और 100 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। कानून के अनुसार लड़कों के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित है। इससे पहले विवाह करना या कराना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए सख्त कार्रवाई का प्रावधान है।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से बालविवाह न करने और न होने देने की शपथ ली। शिविर ने गांव में एक सकारात्मक संदेश छोड़ा कि जागरूकता से ही बालविवाह मुक्त समाज का सपना साकार हो सकता है।

# दुर्गा वाहिनी एवं त्रिशूल दीक्षा गठन को लेकर हुई बैठक, गौ रक्षा पर की चर्चा



**एजेंसी। रजौली**

प्रखंड मुख्यालय के नीचे बाजार स्थित राज शिवालय मंदिर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल की बैठक रविवार की शाम पांच बजे सम्पन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता बजरंगदल के प्रखंड संयोजक पिंटू कुमार वर्मा ने की।इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं जिला मंत्री सुबोध लाल मौजूद रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा के साथ-साथ रजौली में दुर्गा वाहिनी का गठन एवं त्रिशूल दीक्षा के लिए प्रशिक्षण था। बैठक में विहिप जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी जनवरी में आयोजित होने वाले प्रांतीय बैठक में प्रखंड संयोजक को ब्यौरा लेकर जाना है। साथ ही बताया कि सनातन धर्म की रक्षा और उत्थान के लिए हमसभी को एक सूत्र में बंधकर कार्य करना है।उन्होंने सभी बजरंगी से अपील किया कि रजौली में अधिक से अधिक बहनों को दुर्गा वाहिनी में जोड़ने का काम करें।वहीं जिलामंत्री सुबोध लाल ने कहा कि दुर्गा वाहिनी में माताओं और बहनों के जुड़ने से संगठन मजबूत बनेगा।साथ ही बताया कि रजौली में जल्द ही त्रिशूल दीक्षा के बाद प्रशिक्षण शिविर दिया जाएगा।इस मौके पर हरदिया पंचायत के बजरंगदल संयोजक अनुज साव,रंजीत कुमार, बल उपासना प्रमुख न्यूटन कुमार, गौतम तांती, राजेश साव,सुबोध कुमार,सुभाष कुमार, सोनू वर्णवाल,संतोष वर्मा, सुनील कुमार, छोटू वर्मा,पिंटू चौधरी, राजा, सुनील, नवीन कंधवे, रोहित समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# कोढ़ा गैंग कांड के सक्रिय गिरोह पर एएसपी की बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

- **अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार ने प्रेसवार्ता कर किया उद्भेदन**




**केटी न्यूज/रोहतास**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एएसपी संकेत कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता कर घटनाकांड का किया उद्भेदन। मीडिया टीम के समक्ष उन्होंने कहा कि विगत 17 दिसंबर की रात्री करीब 13.15 बजे सूचना प्राप्त हुई कि काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सवानंद डिहरी निवासी वादी शंकर दयाल सिंह,पिता मानकी सिंह बैंक से पैसा निकाल कर नासरीगंज बाजार करने आये हुए थे । उसी क्रम में उनके मोटरसाईकिल के डिक्की में रखा 50 हजार रुपया चोरी करने की घटना घटित हुई है। उक्त सूचना के संबंध में वादी शंकर दयाल सिंह पिता मानकी सिंह ग्राम सवानंद डिहरी के लिखित आवेदन के आधार पर बाइक की डिक्की का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये चोरी करने के आरोप में अंकित किया गया है। कहा कि नासरीगंज थाना कांड संख्या 433/25 के आलोक में सुसंगत धारा 303(2)/317(5) बीएनएस के विरूद्ध दो नामजद अभियुक्तों द्वारा वादी के बाइक की डिक्की का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये चोरी करने के आरोप में दर्ज किया गया है। उक्त सूचना प्राप्त होने के पश्चात नासरीगंज थाना के पुनि. सह थानाध्यक्ष अविनाश कुमार,अपर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार तथा पुअनि राहुल कुमार,नासरीगंज थाना तथा पुलिस बल की त्वरित कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सुमित कुमार उर्फ शिमो यादव उम्र 21 वर्ष पिता गणित यादव एवं अभय कुमार उर्फ नैन्शु कुमार,उम्र 19 वर्ष पिता रोबिन यादव दोनों ग्राम जुराबगंज थाना कोढ़ा जिला कटिहार से पुछताछ किया गया। पुछताछ के क्रम में रोहतास जिला के अन्य थानों में हाल-फिलहाल में घटित कुछ घटनाओं में इन दोनों के द्वारा अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई। इनके द्वारा रोहतास जिला के बिक्रमगंज, आयरकोठा,कोचस और नासरीगंज थाना में विभिन्न कांडों में भी अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि नासरीगंज थाना कांड संख्या 433/25 में गिरफ्तार अभियुक्त सुमित कुमार उर्फ शिमो यादव, उम्र 21 वर्ष पिता गणित यादव एवं अभय कुमार उर्फ नैन्शु कुमार उम्र 19 वर्ष पिता रोबिन यादव दोनों ग्राम जुराबगंज थाना कोढ़ा जिला कटिहार द्वारा अपने अपराध स्वीकरोक्ति बयान के आधार पर निम्न कांडों में बरामदगी की गई । बताया कि कोचस थाना कांड संख्या 290/25 के आलोक में सुसंगत धारा 134/303(2) भा.न्या.सं के अन्तर्गत 80 हजार एवं नासरीगंज थाना कांड संख्या 433/ 25 के आलोक में सुसंगत धारा 303 (2)/317 (5) बीएनएस में त्वरित कार्रवाई के तहत चोरी गए 50 हजार रुपये व एक पल्सर बाईक 220 अपराधकर्मी के पास से बरामद हुई जो कि सत्यापन के क्रम में चोरी का पाया गया है ।

# गोडारी : ज्वेलरी की दुकान में चोरों का आतंक जारी, दुकानकार पर किया जानलेवा हमला




**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के गोडारी नगर पर स्थित श्री बालाजी ज्वेलर्स पर बीते रात चोरों के एक गिरोह ने बड़े ही सुनियोजित तरीके से चोरी का प्रयास किया। बुढ़वल रोड पर स्थित इस सोने-चांदी की दुकान पर चोरों ने सीसीटीवी फुटेज के अनुसार रात 1:42 बजे हमला बोला। सबसे पहले उन्होंने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया, फिर शटर काटकर अंदर घुस गए। अंदर प्रवेश करते ही उन्होंने भीतर लगे दूसरे कैमरे को भी नष्ट कर दिया।

दुकान मालिक संतोष कुमार गुप्ता को आधी रात में इसकी भनक लग गई। घर से अपनी चारपहिया वाहन में वे आनन-फानन दुकान की ओर पहुंचे। चोरों को देखते ही वे इधर-उधर भागने लगे। संतोष ने एक चोर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी से उतरते तक वह फरार हो चुका। संतोष ने बताया कि चोर के हाथ में पिस्टल थी, जिसे तानकर उसने भागने की कोशिश की। उन्होंने कहा, "वह मेरे ऊपर गोली चलाने वाला था, बाल-बाल बच गए। अगर नींद समय पर न खुली होती तो दुकान साफ हो जाती।"

काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने रात 2:30 बजे फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि ऐसी वारदातें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच चल रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। संतोष ने बताया कि दुकान में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन शटर गेट और कैमरे बर्बाद हो गए। चोरों ने दो नुकीले हथियार छोड़ दिए, जिनसे बड़े गेट, ताले और अलमारियां तोड़ने का काम किया जाता है।

संतोष ने काराकाट थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि यह एक बड़ा गिरोह है, जिसका पदार्फाश जरूरी है। स्थानीय व्यापारी वासियों में दहशत फैल गई है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी तेज कर दी है।

# रजौली चेकपोस्ट पर वाहनों से जबरन अवैध पैसे वसूली में गृहरक्षक निलंबित



**केटी न्यूज/नवादा**

पुलिस अधीक्षक के माध्यम से 18 दिसंबर को यह सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 24 नवंबर 2025 को रात्रि करीब 10 से 11 बजे के बीच रजौली चेकपोस्ट पर आलू लदे एक वाहन के चालक से ड्यूटी पर तैनात गृहरक्षकों द्वारा जबरन आलू की मांग की जा रही थी। साथ ही चालक को तंग करते हुए दबाव बनाया जा रहा था। चालक द्वारा इसका वीडियो बनाते हुए आगे बढ़ने पर गृहरक्षकों द्वारा उसके साथ धक्का-मुक्की भी की गई। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो की जांच पुलिस निरीक्षक, रजौली अंचल, नवादा द्वारा रजौली थाना अन्तर्गत चितरकोली पोस्ट पर जाकर की गई। जाँच के क्रम में यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ कि घटना में सम्मिलित सभी गृहरक्षक दोषी हैं। जो इस घटना में संलिप्त गृहरक्षक सिपाही संख्या-1796 शीतल कुमार, गृहरक्षक सिपाही संख्या 1927 ईश्वरी प्रसाद,गृहरक्षक सिपाही संख्या 1991 जवाहर प्रसाद,गृहरक्षक सिपाही संख्या 191910 कन्हैया कुमार,गृहरक्षक सिपाही संख्या 191735 अतीश कुमार, गृहरक्षक सिपाही संख्या 1822 रघुनन्दन प्रसाद,गृहरक्षक सिपाही संख्या 191760 महेश कुमार,गृहरक्षक सिपाही संख्या-191854 रणधीर कुमार,गृहरक्षक सिपाही संख्या 191845 सुधीर कुमार,गृहरक्षक सिपाही संख्या 2012 श्री यादव सहित गृहरक्षक सिपाही संख्या191961 मनोज कुमार शामिल हैं। जिनके खिलाफ प्राप्त जांच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि उक्त समय पर उपर्युक्त सभी गृहरक्षकों द्वारा अपने कर्त्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया तथा अनुशासनहीन एवं अमर्यादित आचरण प्रदर्शित किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी दोषी गृहरक्षकों के विरुद्ध सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई। अतः उपर्युक्त तथ्यों एवं जाँच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा सभी 11 गृहरक्षकों को बिहार गृहरक्षक नियमावली, 1953 के नियम 16 (एक) (वी) के अंतर्गत निलंबित करते हुए अगले आदेश तक कर्त्तव्य से वंचित किए जाने का आदेश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि कर्त्तव्य में लापरवाही, अवैध वसूली अथवा जनसामान्य के साथ दुर्व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### हाथ में स्टील कड़ा पहन लोग इसे जानलेवा हमले में कर रहें प्रयोग, पुलिस सख्त

**तिलौथू ।** परंपरागत रूप से हाथ में पहना जाने वाला लोहे अथवा स्टील का कड़ा धार्मिक आस्था और आत्म-संयम का प्रतीक माना जाता रहा है। कहा जाता है कि संघर्ष या विपरीत परिस्थितियों में यह आत्मबल बढ़ाने और मार्गमाता का पाठ करने में सहायक होता है। इसकी मजबूती ऐसी मानी जाती थी कि यह किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि संयम और रक्षा के भाव से पहना जाता था। लेकिन बीते दो वर्षों में स्थिति चिंताजनक रूप से बदल गई है। जिले में दर्ज मारपीट की दर्जनों घटनाओं में यह सामने आया है कि युवकों द्वारा आपसी झगड़ों और हमलों में कड़े का मुख्य हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। सिर, चेहरे और शरीर के संवेदनशील हिस्सों पर कड़े से किए गए वार गंभीर चोटों और कभी-कभी जानलेवा साबित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले इस प्रकार का प्रयोग केवल पेशेवर फाइटर या सीमित वर्ग तक ही देखा जाता था, लेकिन अब साधारण युवक भी इसे मारक हथियार की तरह इस्तेमाल करने लगे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि मारपीट करने वालों की मनोवृत्ति में अब तक कोई सकारात्मक बदलाव नहीं आया है, बल्कि हिंसा की प्रवृत्ति और बढ़ती जा रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रशासन से मांग की जा रही है कि सार्वजनिक स्थानों, स्कूल-कॉलेजों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील क्षेत्रों में लोहे/स्टील के भारी कड़े पहनने पर रोक लगाने या सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही पुलिस द्वारा नियमित जांच, जागरूकता अभियान और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समाज के प्रबुद्ध वर्गों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह परंपरागत आभूषण घातक हथियार का रूप ले सकता है। युवाओं से भी अपील की गई है कि वे कड़े को आस्था और अनुशासन का प्रतीक बनाए रखें, न कि हिंसा का माध्यम।

### बिजली चोरी में 1.83 लाख जुर्माना के साथ चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज।** विद्युत ऊर्जा चोरी पर अंकुश लगाने के लिए बिजली विभाग की ओर से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के विभिन्न हिस्सों में सघन छापेमारी की गई। छापेमारी मे चार लोग पकड़े गए, जिन पर 183050 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए सम्बंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि मीटर से पहले सर्विस तार मे कटिंग करके एवं अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्रखंड दिनारा के सरना मठिया निवासी कामेश्वर गिरी पर 47617 रुपए, रिंकी देवी पर 19694 रुपए व प्रखंड संझौली के गंगाजल मथ निवासी रंजन कुमार पर 103878 रुपए तथा प्रखंड सूर्यपुरा के लक्ष्मीपुर निवासी राम प्रवेश चौधरी पर 11861 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है।

### पुलिस ने छेड़खानी मामले में एक आरोपी को भेजा जेल

**बिक्रमगंज ।** एएसपी सह एसडीपीओ संकेत कुमार ने कहा कि बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 856/25 के आलोक में सुसंगत धारा 126(2), 115(2),75/76/333/ 351(2), 352/3 (5) बीएनएस के अभियुक्त थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मतुली निवासी अरविंद कुमार, पिता स्व. शेषनाथ राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि उक्त कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए केस के अनुसंधानकर्ता पुअनि नुपुर कुमारी द्वारा छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जो घटना छेडखानी का है। जिसे कई पोर्टल न्यूज पर बलात्कार की घटना बताया जा रहा है,जो सत्य नहीं है।

### फरार दो वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

**नवादा/रजौली ।** थाना क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड एवं भाईजी भित्ता गांव से पुलिस बलों ने दो फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से लगातार छापेमारी की जा रही है।इसी बीच बीते शनिवार की रात्रि दो वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार वारंटियों में पुरानी बस स्टैंड निवासी रामफल राम के पुत्र घापू कुमार एवं भाईजी भित्ता गांव निवासी गणेश यादव के पुत्र सुरेन्द्र यादव शामिल है।थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों गिरफ्तार वारंटियों को रविवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### गौशाला से तीन भैंसों को साथ लेकर भागे चोर, प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज।** थाना क्षेत्र के दुगार्डीह गांव में शनिवार बार की रात एक गौशाला से तीन गाय की चोरी हो गई। घटना की जानकारी पशुपालन को रविवार की सुबह उस समय हुई जब वह पशुओं को चारा देने के लिए गौशाला में गया। गौशाला में मवेशियों को नहीं देख चारों ओर गांव और खेत बधार में खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। पशुपालन धनराज उर्फ जोखन पासवान ने बताया कि वह शनिवार की रात सभी मवेशियों को चारा देने के बाद गौशाला बंद कर घर सोने के लिए चला गया। सुबह जब मवेशियों को चारा देने के लिए गौशाला में आया तो एक भी मवेशी गौशाला में नहीं थी। मवेशियों को गौशाला मेँ नहीं देखकर आसपास गलियों और बधार में खोजबीन की लेकिन कहीं भी कोई सुराग नहीं मिला तो इसकी सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि मवेशी चोरी की घटना के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है, इसकी छानबीन की जा रही है।

# फुटबॉल के फाइनल मैच में झारखंड ने बंगाल को 1-0 से हराया




**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गोडारी के स्व.राम रूप स्टेडियम में आदर्श युवा फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में रविवार को फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबला झारखंड 11 और बंगाल 11 के बीच खेला गया। अवसर पर नगर उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का अभिनंदन कर हौसला अफजाई किया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें कड़ी टक्कर देती रहीं, लेकिन कोई गोल नहीं हो सका। रोमांच चरम पर पहुंचा दूसरे हाफ के आखिरी 10 मिनट में, जब झारखंड 11 के मिडफील्डर रोहित कुमार ने शानदार गोल दागकर 1-0 की बढ़त दिलाई। गोलकीपर अमित बौरी की सतर्कता ने कई हमलों को विफल कर टीम को विजयी बनाया। बंगाल 11 के कप्तान बोलो खान ने बेहतरीन खेल दिखाया,जिसमें अफ्रीकी जोसेफ लियो, हीरो, शेख जैसे विदेशी सितारे शामिल थे। झारखंड की ओर से ब्राइट, गोमो और अफ्रीकी जोसेफ जैसे तीन फॉरेन प्लेयर्स ने भी कमाल दिखाया। इन विदेशी खिलाड़ियों की मौजूदगी से दूर-दूर से सैकड़ों दर्शक स्टेडियम में उमड़ पड़े, जो खचाछुटभरा रहा। रेफरी मिंटू शाह, कॉमेंटेटर अमन सिंह और सहयोगी सुरेंद्र सिंह की जोशीली कमेंट्री ने माहौल को और गर्म कर दिया। जो देर शाम समाप्त हुए मैच में झारखंड 11 विजेता और बंगाल 11 उपविजेता रही। मंच पर उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, राम प्रसन्न तिवारी उर्फ बबुआ तिवारी, सुनील प्रजापति, संजय सर, संतोष कुमार गुप्ता, प्रशांत प्रसाद, आलोक सर, वीरेंद्र कुशवाहा, विशाल सोनी मैच कमेटी अध्यक्ष, संतोष पासवान, रवि फिजिकल, राजकुमार, विकास कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रभु कुमार, पप्पू, अरुण, राहुल, विनय, रितेश,बिट्टू, सूरज, नीलू, अर्जुन, छोटे, मनोज, अनिल आदि ने शोभा बढ़ाई। यह मैच स्थानीय फुटबॉल को नई ऊंचाइयों पर ले गया।

# बिजली विभाग के कर्मी का चोरों ने उड़ाया बाइक, प्राथमिकी दर्ज

## चोरी के वारदात को सीसीटीवी कैमरे से खंगाल रही पुलिस

**केटी न्यूज/रोहतास**

रजौली (नवादा) थाना क्षेत्र के संगत परिसर के समीप खड़ी बिजली मीटर रीडर के बाइक को चोर उड़ा ले गए।मामला रविवार के दिन का है,जब मीटर रीडर बाइक को सुबह लगभग 9 बजे सड़क किनारे अपने बाइक होंडा शाइन संख्या बीआर27के6340 को लॉक करके महसई मोहल्ला में बिजली मीटर का रीडिंग करने चल गए।जब वे दोपहर लगभग 2 बजे मीटर रीडिंग करके वापस लगाए गए बाइक के जगह पहुंचे,तो देखा की उनकी बाइक नहीं है।पीड़ित सिरदला थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी दिनेश प्रसाद ने बताया कि वे रजौली में बिजली मीटर रीडिंग का काम करते हैं।प्रत्येक दिन की भांति वे अपनी बाइक को संगत के समीप लगाकर महसई मोहल्ले में रीडिंग करने चले गए,जब वापस आए,तो उनकी बाइक नहीं थी।आसपास काफी खोजबीन किया,किंतु कुछ भी पता नहीं चला।पीड़ित के द्वारा थाने को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाने की बात कही है।

**सीसीटीवी नहीं रहने से बढ़ी रही परेशानी :** नगर पंचायत में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए जाने से नगरवासियों समेत अन्य लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,जबकि नगर पंचायत के बोर्ड द्वारा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की योजना पारित हो चुकी है।किंतु नगर पंचायत प्रशासन के उदासीनता के कारण आजतक सीसीटीवी नहीं लग सका है। दूसरी तरफ पुलिस नगर क्षेत्र में बाजार क्षेत्र से दिन दहाड़े बाइक की चोरी होने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। किंतु आवासीय परिसर में लगे सीसीटीवी अच्छे क्वालिटी के नहीं होते हैं और वे निजी सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाए जाते हैं।इसलिए पुलिस के हाथ बाइक चोर के गिरेबान तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।वहीं चौक-चौराहों पर सीसीटीवी रहने से बाइक चोरी समेत अन्य आपराधिक घटनाओं के उद्भेदन में पुलिस को सहायता मिलती। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बाइक चोरी की सूचना मिलने के बाद अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार को घटनास्थल का निरीक्षण करने को निर्देशित किया गया है।साथ ही बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन मिला है।पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

# प्रकाश उत्सव को लेकर पटना सिटी में ट्रैफिक का महाप्लान, भारी वाहनों पर ब्रेक, रूट डायवर्जन लागू



**एजेंसी। पटना**

आगामी 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक पटना सिटी में आयोजित होने वाले प्रकाश उत्सव पर्व को लेकर जिला और यातायात प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में यातायात प्रशासन ने विस्तृत रूट मैप जारी करते हुए वाहनों के आवागमन पर कई तरह की पाबंदियां लागू कर दी हैं। छोटी-बड़ी गाड़ियों से लेकर बाजार समिति में आने वाली फल मंडी की गाड़ियों तक पर यातायात प्रशासन का शिकंजा रहेगा। बिहार के अलावा अन्य राज्यों से आने वाले सिख श्रद्धालुओं सहित सभी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पटना सिटी में तीन स्थानों पर पार्किंग स्थल भी चिन्हित किए गए हैं।पटना यातायात प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 359वां जन्मोत्सव प्रकाश उत्सव पर्व के रूप में श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश-विदेश से लाखों की संख्या में सिख श्रद्धालु तख्त श्री हरमंदिर साहिब, पटना साहिब पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण चार दिनों तक पूरे इलाके में यातायात व्यवस्था प्रभावित रहती है, जिसे सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। इसी को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहले से ही वाहनों के संचालन के लिए विशेष रूट मैप तैयार किया है।यातायात प्रशासन के अनुसार 24 दिसंबर की मध्यरात्रि से 28 दिसंबर की रात 12 बजे तक भारी वाहनों, खासकर भवन निर्माण सामग्री जैसे सीमेंट, बालू और गिट्टी लदे वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। दीदारगंज की ओर से कोई भी वाहन अशोक राजपथ में पश्चिम दिशा की ओर नहीं जाएगा। ऐसे सभी वाहनों का परिचालन न्यू बाइपास के माध्यम से किया जाएगा। बाजार समिति में आवश्यक सामग्री लेकर आने वाले मालवाहक वाहनों को केवल रात्रि 2 बजे से 4 बजे तक ही माल की डिलीवरी की अनुमति होगी। इसके अलावा 25 दिसंबर की सुबह 4 बजे से 27 दिसंबर की सुबह 6 बजे तक अशोक राजपथ में गायघाट से पूर्व दरवाजा तक ऑटो और अन्य व्यावसायिक वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। इन वाहनों को गायघाट से डंका इमली, नवाब बहादुर रोड, सुदर्शन पथ, तुलसी मंडी, अगमकुआं आरओबी होते हुए पटना साहिब तक आवागमन करना होगा। मुख्य कार्यक्रम के दौरान 25 दिसंबर से 28 दिसंबर की सुबह 6 बजे तक पश्चिम दरवाजा से पूर्व दरवाजा तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। वहीं, रूट मैप के अनुसार 26 दिसंबर की सुबह 4 बजे से मध्यरात्रि तक अशोक राजपथ में गायघाट से दीदारगंज तक सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। इमरजेंसी सेवाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पीएमसीएच जाने के लिए आकस्मिक स्थिति में कंगन घाट से दाहिने जेपी सेतु पथ होते हुए पहुंचा जा सकेगा, जबकि एनएमसीएच जाने के लिए गायघाट से बाएं डंका इमली मार्ग का उपयोग किया जाएगा। प्रकाश उत्सव पर्व के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए बाजार समिति, दीदारगंज, मंगल तालाब चौक थाना क्षेत्र और कंगन घाट चौक थाना के पास पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे जारी रूट मैप का पालन करें और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसमें सहयोग करें।

## एक नजर

### पटना के 10 प्रखंडों को छोड़ सभी पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारियों के वेतन पर रोक

**पटना।** पटना में कार्य में लापरवाही बरतने वालों चिकित्सा पदाधिकारियों पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सिविल सर्जन (सीएस) डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने जिले के 10 प्रखंडों को छोड़कर शेष सभी प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसके साथ ही स्वास्थ्य प्रबंधक, लेखापाल, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मियों का वेतन व मानदेय भी रोक दिया गया है।सीएस ने इस कार्रवाई की सूचना जिलाधिकारी और बिहार विधान परिषद के अवर सचिव को भी भेजी है। बताया गया कि बिहार विधान परिषद की ओर से प्रखंड स्तर पर कार्यरत अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मियों के मई 2025 माह के मानदेय की विवरणी मांगी गई थी, लेकिन वर्ष के अंत तक भी यह जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।सीएस ने कहा कि यह कार्य में लापरवाही का मामला है। इसी के चलते यह कठोर निर्णय लिया गया है। जिन प्रखंडों को इस कार्रवाई से बाहर रखा गया है, उनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनरुआ, बख्तियारपुर, बिहटा, मनेर, मसौढ़ी, अथमलगोला, दानापुर, बाढ़, नौबतपुर, मोकामा, पुनपुन, बिक्रम, दुल्हिनबाजार और न्यू गार्डिनर अस्पताल शामिल हैं। इनको छोड़कर जिले के सभी प्रखंड व पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों का वेतन रोका गया है।

### भारतीय सेना से भगोड़ा घोषित आतंकवादी बिहार से पकड़ा गया

**मोतिहारी।** मोतिहारी के भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रक्सौल से सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। देश छोड़कर फरार होने की कोशिश कर रहे भारतीय सेना के एक भगोड़े जवान को इंडो-नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जवान पाकिस्तान स्थित आतंकी और तस्कर नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। उसकी तलाशी में 500 ग्राम हेरोइन और एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजवीर सिंह उर्फ फौजी के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि वह पाकिस्तान के आतंकी हैंडलरों के संपर्क में था और नशा तस्करी के बदले भारतीय सेना से जुड़ी संवेदनशील और गोपनीय जानकारियां पाकिस्तान को उपलब्ध करा रहा था।राजवीर की निशानदेही पर पंजाब पुलिस ने फाजिल्का जिले के कांशी राम कॉलोनी से उसके सहयोगी चिराग को भी गिरफ्तार किया है। चिराग के पास से एक 9 एमएम पिस्टल और 407 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक चिराग, राजवीर के लिए कुरियर का काम करता था।

### बिहार में एआई से जनरल टिकट धोखाधड़ी का खुलासा, पुलिस ने चार शातिरों को किया गिरफ्तार

**पटना।** रेल टिकटों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का गलत इस्तेमाल करके आम यात्रियों को ठगने का मामला सामने आया है। शातिर टिकट माफिया रेल काउंटर से जेनरल टिकट खरीदकर एआई तकनीक के माध्यम से उसे लंबी दूरी का टिकट बना देते हैं। इसके बाद भोले-भाले यात्रियों को छोटे स्टेशनों पर ट्रेन पकड़ने के दौरान यह टिकट थमा दिया जाता है। इसका खुलासा आरपीएफ की जांच में हुआ है, जिससे रेलवे सुरक्षा और टिकटिंग प्रणाली में गंभीर खामियों का पता चला है।बीते माह, दरभंगा जंक्शन के यूटीएस काउंटर पर वापसी के लिए आए सामान्य श्रेणी के टिकट की जांच में यह मामला सामने आया। आरपीएफ को शक है कि तुर्की स्टेशन से खरीदे गए टिकट को एआई के माध्यम से बेंगलुरू का बनाया गया था।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इलाज के लिए पटना से दिल्ली के लिए हुए रवाना

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधान सभा चुनाव के बाद आज पहली बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। इस दौरान वह पीएम मोदी से भी मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दिल्ली के लिए रवाना हुए। बिहार विधान सभा चुनाव की भारी जीत के बाद आज पहली बार वह नई दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक वह अपनी आंख का इलाज कराने के लिए दिल्ली गए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करेंगे। बताया यह भी जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने स्वास्थ्य के



रुटीन चेकअप के लिए दिल्ली गए हैं। इस संबंध में राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस यात्रा के दौरान मुख्य रूप से भाजपा और जदयू के बीच आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर चर्चा होगी।

**नीतीश के दौरे पर सबकी नजरें**

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि नीतीश कुमार का यह दिल्ली दौरा गठबंधन की नई दिशा तय करेगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस दौरान भाजपा और जदयू के शीर्ष नेतृत्व के बीच कई मुद्दों पर सहमति बन सकती है। इसके तहत यह माना जा रहा है कि एनडीए के भीतर सीटों के तालमेल और आगामी रणनीति पर कोई ठोस फैसला लिया जा सकता है। वहीं बहुप्रतीक्षित कैबिनेट विस्तार में किस पार्टी से किसे जगह मिलेगी, इसके नामों पर भी अंतिम मुहर लग सकती है। और सबसे खास बात यह कि, नए प्रदेश नेतृत्व और जदयू के बीच बेहतर तालमेल बिठाने पर भी चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा ने नितिन नवीन को बड़ी जिम्मेदारी देकर यह साफ कर दिया है कि बिहार उसके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। अब गेंद नीतीश कुमार के पाले में है कि वे इन बदलावों के बीच गठबंधन को किस स्वरूप में आगे ले जाते हैं।

### भविष्य की बड़ी रणनीति के मिल रहे संकेत

बिहार की सियासत में इन दिनों बड़े बदलाव की सुगहाट तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के भीतर हुए दो हालिया संगठनात्मक बदलावों की राज्य के राजनीतिक समीकरणों में खूब चर्चा है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिल्ली दौरा न केवल औपचारिक माना जा रहा है, बल्कि इसके पीछे भविष्य की बड़ी रणनीति के भी संकेत मिल रहे हैं। भाजपा आलाकमान ने हाल ही में दो ऐसे फैसले लिए हैं, जिनका सीधा प्रभाव बिहार की राजनीति पर पड़ना तय माना जा रहा है। बिहार के कद्दावर विधायक नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने को राज्य में पार्टी की पकड़ मजबूत होना माना जा रहा है। पार्टी ने बिहार भाजपा की कमान नए चेहरे को सौंपकर सांगठनिक फेरबदल की प्रक्रिया पूरी कर दी है।

# सीवान में दिनदहाड़े गोलियों की गूंज, ऑटो चालक को मारी गोली, कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल



**एजेंसी। पटना**

सीवान जिले के आंदर थाना क्षेत्र से एक बार फिर कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति को उजागर करने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। हुजहुजीपुर गांव के समीप बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक ऑटो चालक को गोली मारकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। इस फायरिंग में ऑटो चालक रामाशंकर गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस की कार्यशैली और सक्रियता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।मिली जानकारी के अनुसार, आंदर थाना क्षेत्र के हुजहुजीपुर निवासी हरिहर साह के 50 वर्षीय पुत्र रामाशंकर गुप्ता रविवार को रोज की तरह अपना ऑटो लेकर बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के पास पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उनका ऑटो रुकवाया और बिना किसी भय के ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग कर दी। इस दौरान एक गोली रामाशंकर के सीने में जा लगी, जिससे वे मौके पर ही गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से फरार हो गए। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही हमलावर आंखों से ओझल हो चुके थे।घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों में भारी आक्रोश देखा गया। परिजनों का आरोप है कि रामाशंकर का कुछ महीने पहले अपने पट्टीदारों से जमीन को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेज दिया गया था। जेल से बाहर आने के बाद भी न तो पुलिस ने उनकी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम उठाया और न ही जमीन विवाद को सुलझाने की कोई पहल की गई। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते मामले को गंभीरता से लेती, तो इस गोलीकांड को टाला जा सकता था। फायरिंग की घटना के बाद घायल रामाशंकर को आनन-फानन में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल के डॉक्टर मुकेश रंजन ने बताया कि गोली मरीज के सीने में फंसी हुई है और अस्पताल में ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें पटना रेफर किया गया है। इस स्थिति ने जिले के सबसे बड़े अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं कि अब तक गोली निकालने जैसी बुनियादी सुविधा क्यों उपलब्ध नहीं है।

# रक्षा मंत्रालय में तैनात आर्मी अफसर रिश्वत लेते गिरफ्तार, घर से 2.36 करोड़ नकद बरामद

**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रक्षा मंत्रालय से जुड़े एक बड़े रिश्वतखोरी मामले का खुलासा करते हुए शनिवार को एक सेवारत आर्मी अफसर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रक्षा उत्पादन से जुड़े संवेदनशील मामलों में भ्रष्टाचार को लेकर अब तक की अहम कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा के रूप में हुई है, जो रक्षा मंत्रालय के उत्पादन विभाग में तैनात थे। सीबीआई के मुताबिक, लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु स्थित एक निजी कंपनी से 3 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। यह रिश्वत कंपनी को रक्षा उत्पादों के निर्माण और निर्यात से जुड़े मामलों में अनुचित लाभ पहुंचाने के बदले दी गई थी। जांच एजेंसी ने शर्मा को रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद उनके ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया, जिसमें भारी मात्रा में नकदी और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। सीबीआई की छापेमारी के दौरान दिल्ली स्थित लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा के आवास से कुल 2.36 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए। इनमें 3 लाख रुपये वही बताए जा रहे हैं, जो रिश्वत की रकम थी, जबकि शेष राशि के वैध स्त्रोतों को लेकर अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके अलावा कई दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामग्री भी बरामद की गई है, जिनकी जांच की जा रही है। इस मामले में सीबीआई ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली को भी आरोपी बनाया है। कर्नल काजल बाली वर्तमान में राजस्थान के श्रीगंगानगर स्थित डिवीजन ऑर्डनेंस यूनिट (DOU) में कमांडिंग ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। जांच के दौरान श्रीगंगानगर में उनके आवास से 10 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। उइकका कहना है कि इस नकदी के स्त्रोतों की भी जांच की जा रही है और मामले में उनकी भूमिका की गहराई से पड़ताल की जाएगी। सीबीआई ने इस केस में एक बिचौलिये विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया है।

# गयाजी में दर्दनाक हादसा, कमरे में बोरसी जलाने से दादी और चार माह की बच्ची की मौत



**एजेंसी। पटना**

बिहार के गयाजी जिले से दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां दम घुटने से एक दादी और उसकी चार माह की पोती की मौत हो गई, जबकि बच्चे की मां की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गयाजी जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए कमरे में बोरसी जलाना दादी और मासूम पोती के लिए जानलेवा साबित हुआ। दम घुटने से दोनों की मौत हो गई, जबकि बच्चे की मां की हालत गंभीर बनी हुई है। बिहार के गयाजी जिले से दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां दम घुटने से एक दादी और उसकी चार माह की पोती की मौत हो गई, जबकि बच्चे की मां की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दखिन गांव की है। मृतकों की पहचान 85 वर्षीय रेखा मालाकार और चार माह की मासूम आरोही मालाकार के रूप में हुई है। वहीं, बहू रुपा मालाकार की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई, जिन्हें परिजनों ने तत्काल पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।चार माह की पोती आरोही सो रही थीं परिजनों के अनुसार, ठंड अधिक होने के कारण बीती रात घर के एक कमरे में तीन-चार बोरसी जलाकर दरवाजा और खिड़की बंद कर दी गई थी। उसी कमरे में दादी रेखा मालाकार, बहू रुपा मालाकार और चार माह की पोती आरोही सो रही थीं। देर रात कमरे में धुआं भरता चला गया, जिससे सभी की हालत बिगड़ गई। सुबह जब काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो परिजनों ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा तोड़कर जब परिजन कमरे के अंदर पहुंचे तो दादी और पोती मृत अवस्था में मिलीं, जबकि बहू रुपा मालाकार अचेत पड़ी हुई थीं। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, परिजनों ने मृतकों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

# बिहार में जानलेवा बनी ठंड: बच्चे की मौत से हड़कंप, जिला प्रशासन पर उठ रहे सवाल

**एजेंसी। पटना**

बिहार में शीतलहर का कहर जारी है। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राज्य में बीते तीन दिनों से ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिसका सबसे अधिक असर गरीब और असहाय लोगों पर पड़ रहा है। ठंड अब जानलेवा भी साबित होने लगी है। इसी क्रम में बांका जिले के शंभूगंज प्रखंड अंतर्गत मेहरपुर हरिजन टोला में शुक्रवार की शाम ठंड से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान झखरा पंचायत के मेहरपुर गांव निवासी शेखर दास के 14 वर्षीय पुत्र बबुआ दास के रूप में हुई है। घटना



के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और मृतक के घर मातम पसरा हुआ है। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार की शाम बबुआ बहियार की ओर टहलने गया था। घर लौटने के बाद उसने सिर चकराने की शिकायत की और कुछ देर चारपाई पर लेट गया। इसके बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसे तेज दर्द होने लगा। परिजन जब तक उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी करते, तभी वह आंगन में गिरकर बेहोश हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से उसे उसकी मां के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शंभूगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के पिता शेखर दास की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। बबुआ तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसकी पढ़ाई बाधित हो गई थी। वार्ड सदस्य जीरा देवी, अनुपम दास सहित अन्य ग्रामीणों ने घटना पर शोक संवेदना व्यक्त की है। शंभूगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि किशोर की मौत अस्पताल लाने से पहले ही हो चुकी थी। प्रथम दृष्टया ठंड के कारण मौत की आशंका जताई जा रही है। , उधर, जिले में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सुबह और रात के समय बढ़ती ठिठुरन से दिहाड़ी मजदूरों, बुजुर्गों, गरीबों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद बस स्टैंड, चौक-चौराहों, सीएचसी परिसरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष ठंड के मौसम में प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती थी, लेकिन इस वर्ष अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। लोगों ने जिला प्रशासन से शीघ्र अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है। समाजसेवियों ने चेतावनी दी है कि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो ठंड से बीमारियों और मौतों का खतरा और बढ़ सकता है।

# नए साल 2026 में बिहार से चलेंगी 4 नई अमृत भारत ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगा सुविधा

**एजेंसी। पटना**

बिहार के लोगों को नए साल 2026 में देश के प्रमुख शहरों में सस्ती और सुविधाजनक यात्रा का मौका मिलेगा। रेलवे बोर्ड बिहार से मुंबई, दिल्ली, सूरत और पंजाब के लिए चार नई अमृत भारत ट्रेनें चलाने जा रहा है। इसके तहत पटना से मुंबई और दिल्ली के लिए दूसरी अमृत भारत ट्रेन भी परिचालित की जाएगी। वहीं, मुजफ्फरपुर से सूरत और समस्तीपुर से पंजाब के लिए भी ट्रेनें चलाई जाएंगी। पटना जंक्शन से मुंबई तक अमृत भारत ट्रेन के परिचालन से स्लीपर और जनरल श्रेणी के यात्रियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। वर्तमान में पटना और आरा होकर केवल चार जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। इसके अलावा, पाटलिपुत्र लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस समेत अन्य पांच ट्रेनें मुंबई जाने के लिए दानापुर मंडल से गुजरती हैं। इसके बावजूद टिकट के लिए हमेशा मारामारी रहती है, खासकर त्योहारी सीजन में। इसलिए रेलवे बोर्ड ने नई ट्रेनों के परिचालन पर जल्द निर्णय लेने की योजना बनाई है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, अप्रैल तक पटना से मुंबई के बीच नई ट्रेनें परिचालित हो जाएंगी। प्रस्तावित नई ट्रेनें पूर्व मध्य रेल समेत कई जोनों के सर्वे और आवश्यकता के अनुसार शुरू की जाएंगी।